-5- इंदर सेना सबसे पहले गंगा मैया की जय बोलती है?
नदियों का भारतीय सामाजिक, सांस्कृतिक परिवेश में क्या
महत्त्व है?

- वर्षा न होने पर इंदर सेना सबसे पहले गंगा मैया की
जय बोलती है। इसका कारण यह है कि हमारे देश
में नदियों को विशेष मान-सम्मान प्राप्त है। इसे
मोक्षदायिनी कहकर देवी का दर्जा दिया गया है। सभी
संस्कारों में गंगा के जल का विशेष महत्त्व है। यह अपने
औषधीय गुणों से युक्त होने के कारण हमारा पालन-

Scanned with CamScanner

पोषण करती है, अतः गंगा को माँ कहकर पुकारा जाता है।
सामाजिक संदर्भ में कृषि कार्य के लिए जल की अत्यंत आवश्यकता होती है तथा यह सिंचाई के लिए भी काम आती है देश के लगभग सभी प्रमुख बड़े नगर नदियों के किनारे बसे हैं। और अनेक संस्कृतियाँ यहाँ फली-फूली हैं। इसी कारण गंगा नदी हमारे लिए हर दृष्टि में पवित्र है।

प्रश्न-6- "रिश्तों में हमारी भावना-शक्ति का बँट जाना, विश्वासों के जंगल में सत्य की राह खोजती हमारी बुद्धि की शक्ति को कमजोर करती है।" पाठ में जीजी के प्रति लेखक की भावना के संदर्भ में इस कथन के औचित्य की समीक्षा कीजिए।

उत्तर - जब हम रिश्तों को निभाने के लिए भावना के वशीभूत हो जाते हैं तब हमारे मन का विश्वास भी कई बार हिल जाता है। ऐसी स्थिति में हमारी बुद्धि कई बार कमजोर हो जाती है और हम भावना के वशीभूत हो जाते है। भावना के वशीभूत होते ही हमारी बुद्धि किसी तर्क को नहीं मानती।

इस पाठ में लेखक का जीजी से भावनात्मक संबंध है। लेखक उनके सामने अपने विश्वास को कायम नहीं रख पाता। जीजी के तर्कों के सामने उसकी बुद्धि कमजोर पड़ जाती है और वह सारे काम करने को तैयार हो जाता है जिन पर वह विश्वास नहीं करता था। वह उन कर्मकांडों और अनुष्ठानों के करने के लिए भी तैयार हो जाता है जिन्हें उसने जड़ से उखाड़ने का प्रण लिया था।